इस प्रश्न–पत्र में 45 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं **71/S/224/A**

सेट – **A**

लेखांकन
(224-H)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आपको सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **71/S/224/A, सेट–A** लिखें।
7. प्रश्नपत्र द्विभाषी है। संदेह की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को प्रामाणिक माना जाना चाहिए।

लेखांकन

(224-H)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

निर्देश : (i) इस प्रश्नपत्र में कुल **45** प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख अंक दर्शाये गये हैं।

(iv) **खंड – A** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक प्रत्येक एक अंक वाले, बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए।

(v) **खंड – B** में **2** अंक वाले वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न संख्या **21** से **23** तक हैं तथा **4** अंक वाले प्रश्न संख्या **24** से **29** तक हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु दिये गये निर्देशों के अनुसार उन्हें हल करें।

(vi) **खंड – C** में सम्मिलित हैं :

(a) **2** अंक वाले प्रश्न संख्या **30** से **35** तक अति लघुउत्तर वाले प्रश्न हैं जिनका उत्तर **30** से **50** शब्दों की सीमा में दिया जाना है।

(b) **3** अंक वाले प्रश्न संख्या **36** से **41** तक लघुउत्तर वाले प्रश्न हैं जिनका उत्तर **50** से **80** शब्दों की सीमा में दिया जाना है।

(c) **5** अंक वाले प्रश्न संख्या **42** से **45** तक दीर्घउत्तर वाले प्रश्न हैं जिनका उत्तर **80** से **120** शब्दों की सीमा में दिया जाना है।

निर्देश :

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

खंड – A

प्रश्न संख्या से 1 से 20 तक प्रत्येक 1 अंक वाले बहुविकल्पीय प्रश्न।

1 कौन सी अवधारणा निजी व्ययों को व्यवसाय लेखों में सम्मिलित करने से रोकती है? **1**

(A) मिलान (B) दोहरी असर

(C) व्यवसाय इकाई (D) संपादन

2 जो अवधारणा, यह मानती है कि प्रत्येक लेनदेन के दो समान पक्ष होते हैं, कहलाती है – **1**

(A) दोहरी असर (B) संपादन

(C) वसूलीकरण (D) सारता

3 चालू व्यवसाय अवधारणा के अनुसार व्यवसाय जारी रहेगाः **1**

(A) एक सीमित अवधि तक (B) 10 वर्ष तक

(C) 25 वर्ष तक (D) भविष्य में लंबी अवधि तक

4 कौन–सी मूर्त संपत्ति नहीं है? **1**

(A) कम्प्यूटर (B) स्कंध

(C) कम्प्यूटर साफ्टवेयर (D) रोकड़

5 ख्याति एक _________ है। **1**

(A) चालू संपत्ति (B) स्थाई संपत्ति – मूर्त

(C) स्थाई संपत्ति – अमूर्त (D) चालू देयता

6 माल खरीदने के कारण फर्म द्वारा जिस व्यक्ति को पैसा दिया जाना है, वह कहलाता हैः **1**

(A) देनदार (B) क्रेता

(C) लेनदार (D) आपूर्तिकर्ता

7 एक कंपनी ने ₹ 5,000 के एक छोटे उपकरण का पूँजीकरण करने के बजाय उसे व्यय मानने का निर्णय लिया। कौन सा लेखांकन सिद्धांत लागू हुआ? **1**

(A) रूढ़िवादिता (B) सारता

(C) चालू व्यवसाय (D) व्यवसाय इकाई

8 एक कंपनी के आगम ₹ 5,00,000 तथा बेचे गये माल की लागत ₹ 2,00,000 है। सकल लाभ क्या है? **1**

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 7,00,000

9 हम जमा चिट्ठी (क्रेडिट नोट) बनाते हैं ताकि : **1**

(A) एक खाते को डेबिट कर सकें (B) एक खाते को क्रेडिट कर सकें

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

10 ब्रिटिश लेखांकन प्रणाली के अनुसार खातों को कितने शीर्षकों में समूहित किया जाता है? **1**

(A) 3 (B) 1

(C) 4 (D) 5

11 रोजनामचा _________ की बही कहलाती है। **1**

(A) मूल प्रविष्टि (B) विशेष प्रयोजन

(C) अंतिम प्रविष्टि (D) द्वितीयक प्रविष्टि

12 नाममात्र के खातों का तात्पर्य है: **1**

(A) समस्त व्यय (B) समस्त हानियाँ

(C) आय एवं अधिलाभ (D) ये सभी

13 लघु रोकड़ बही का शेष होता है: **1**

(A) लाभ (B) व्यय

(C) संपत्ति (D) देयता

14 बैंक अधिविकर्ष हेतु बैंक स्तंभ का कौन–सा शेष दिखाता है? **1**

(A) नाम शेष (B) जमा शेष

(C) (A) तथा (B) दोनों (D) हस्तांतरण शेष

15 सुरजीत के खाते में ₹ 20,000 के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 18,000 प्राप्त होने पर अभिलेखा किया जाएगाः **1**

(A) रोकड़ बही में (B) मुख्य रोजनामचा में

(C) (A) तथा (B) दोनों (D) विक्रय बही में

16 अंकित मूल्य ₹ 10,000 का माल 10% व्यापारी बट्टे तथा 2% रोकड़ बट्टे पर सुदर्शना को बेचा। सुदर्शना ने 40% राशि का चैक दिया जिसे बैंक भेज दिया गया। दिया बट्टे को जिस राशि से नामित किया जाएगा, वह हैः **1**

(A) ₹ 1,000 (B) ₹ 180

(C) ₹ 72 (D) ₹ 200

17 मैसर्स एंड सिंह ने माह के अंतिम दिन कर्मचारियों को ₹ 10,000 वेतन तथा ₹ 5,000 मजदूरी का भुगतान किया। रोजनामचे में इसकी संयुक्त प्रविष्टि की जा सकती है अथवा नहीं? **1**

(A) हाँ (B) नहीं

(C) कहा नहीं जा सकता (D) कभी नहीं

18 लेखांकन में कम्प्यूटरों की प्राथमिक भूमिका क्या है? **1**

(A) मानवीय चूक के उन्मूलन हेतु

(B) पुनरावर्ती कार्यों के स्वचालन तथा अभिलेखों में विशुद्धता सुनिश्चित करने हेतु

(C) वित्तीय नियोजन की आवश्यकता कम करने हेतु

(D) लेखाकार को पूर्णरूप से प्रतिस्थापित करने हेतु

19 कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन की विशेषता जो डाटा परिवर्तन को ट्रैक करती हैः **1**

(A) संपत्ति प्रबंधन (B) अंकेक्षण प्रभाव (ट्रेल)

(C) बैंक समाधान (D) रिपोर्टिंग

20 सामान्यतः प्रयुक्त किया जाने वाला लेखांकन साफ्टवेयर हैः **1**

(A) टैली (B) विंडो

(C) ईज़ी बुक्स (D) क्रेडिट मैनेजर

खंड – B

प्रश्न संख्या 21 से 29:

21 निम्न का मिलान कीजिए: **1×2=2**

(a) आहरण – (i) व्यवसाय में निवेशित धनराशि

(b) पूँजी – (ii) निजी उपयोग हेतु धनराशि निकालना

22 रिक्त स्थान भरिए : **1×2=2**

(i) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन _________ अभिविन्यस्त अनुप्रयोगों में से एक है।

(ii) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन प्रणाली, मानवीय लेखांकन प्रणाली से _________ है।

23 बताइए कि निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : **1×2=2**

(i) चालू व्यवसाय अवधारणा यह मानती है कि व्यवसाय का अनंत काल तक प्रचालन चालू रहेगा।

(ii) रूढ़िवादिता सिद्धांत की अपेक्षा है कि लेखाकार उन लेखांकन विधियों का चयन करें जिनके परिणामस्वरूप अधिकतम आय दर्शाई जा सके।

24 रिक्त स्थान भरिए : **1×4=4**

(i) _________ अवधारणा के अनुसार व्यवसाय को उसके स्वामी से पृथक माना जाता है।

(ii) _________ सिद्धांत की अपेक्षा है कि लंबी अवधि तक एक समान लेखांकन विधियाँ प्रयुक्त की जानी चाहिए।

(iii) आगम की पहचान _________ की तिथि से की जाती है न कि धन _________ होने की तिथि से।

(iv) द्विपक्षीय अवधारणा के अनुसार संपत्तियाँ सदैव _________ तथा _________ योग के समान होती है।

25 निम्न का मिलान कीजिए : **1×4=4**

(a) हस्तस्थ रोकड़ (i) देयता

(b) बैंक अधिविकर्ष (ii) व्यय

(c) मजदूरी व वेतन (iii) आय

(d) किराया प्राप्त (iv) संपत्ति

26 बताइए कि निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : **1×4=4**

(i) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन साफ्टवेयर को केवल लेखाकार ही प्रचालित कर सकते हैं।

(ii) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन, अंकेक्षण की आवश्यकता का उन्मूलन करता है।

(iii) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन बहु मुद्रा लेनदेनों का संचालन कर सकता है।

(iv) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन प्रणाली त्रुटि रहित होती है।

27 निम्न लेनदेनों में प्रत्येक के दो खाते कौन–कौन से हैं? **1×4=4**

(i) व्यवसाय प्रारंभ किया

(ii) बैंक से रोकड़ की निकासी की

(iii) पूर्वदत्त किराया

(iv) बैंक में रोकड़ जमा की

28 रिक्त स्थान भरिए : **1×4=4**

(i) रोकड़ बही एक सहायक बही है, जिसमें सभी रोकड़ लेनदेन _________ किये जाते हैं।

(ii) रोकड़ प्राप्ति को नाम पक्ष में अभिलेखित किया जाता है तथा रोकड़ भुगतान को _________ पक्ष में अभिलेखित किया जाता है।

(iii) साधारण रोकड़ बही में रोकड़ स्तंभ होता है, परंतु द्वि–स्तंभीय रोकड़ बही में _________ तथा _________ स्तंभ होते हैं।

(iv) रोकड़ बही एक _________ बही है।

29 आपको निम्न लेनदेन दिये गये हैं और पूछा गया है कि कौन सा खाता नाम होगा तथा कौन–सा जमा? **1×4=4**

(i) ₹ 50,000 का नकद माल बेचा

(ii) ₹ 40,000 का जीत से माल खरीदा

(iii) प्रकाश को रोकड़ भुगतान ₹ 25,000.

(iv) अदत्त किराया ₹ 10,000.

खंड – C

प्रश्न संख्या 30 से 45 तक जहाँ जरूरी है वहाँ आंतरिक विकल्प दिये हैं।

30 (a) आधुनिक लेखांकन में द्वि अंकन प्रणाली का क्या महत्व है? **2**

अथवा

(b) प्रति–प्रविष्टि (विपरीत लेखा) क्या है? इसका एक उदाहरण दीजिए।

31 (a) तलपट क्यों आवश्यक है? **2**

अथवा

(b) तलपट बनाने की विधियाँ कौन–कौन सी हैं?

32 खाता बही को प्रधान बही क्यों कहा जाता है? यह रोजनामचे से किस प्रकार भिन्न है? **2**

33 (a) ह्रास को प्रावधानित करने में कौन–कौन से घटक संलिप्त होते हैं? किन्हीं दो के नाम बताइए। **2**

अथवा

(b) राजस्व संचय तथा पूँजी संचय के बीच अंतर के कोई दो बिन्दु दीजिए।

34 पूर्वदत्त व्ययों से आपका क्या अभिप्राय है? इनके दो उदाहरण दीजिए। **2**

35 वर्ष समाप्ति 31 मार्च, 2025 हेतु रामदा लिमिटेड की पुस्तकों में व्यापार खाता बनाइए : **2**

विक्रय .... ₹ 2,00,000

विक्रय वापसी .... ₹ 10,000

क्रय .... ₹ 1,45,000

क्रय वापसी .... ₹ 5,000

मजदूरी तथा वेतन .... ₹ 10,000

वेतन तथा मजदूरी .... ₹ 5,000

निर्माण व्यय .... ₹ 10,000

अंतिम स्कंध .... ₹ 15,000

36 रोकड़ बही को मूल प्रविष्टि की बही क्यो कहा जाता है? रोकड़ बही के प्रकारों का वर्णन कीजिए। **3**

37 (a) निम्न लेनदेनों से खाताबही खाते बनाइए : **3**

1. ₹ 20,000 से व्यवसाय प्रारंभ किया।
2. साक्षी से माल खरीदा ₹ 10,000
3. गोलू को माल बेचा ₹ 15,000
4. किराया ₹ 500 तथा मज़दूरी ₹ 600 का भुगतान किया।
5. श्री सुरजीत ने ₹ 15,000 (लागत ₹ 10,000) के माल का आहरण किया।

अथवा

(b) तलपट क्या है? इसके मुख्य उद्देश्य बताइए।

38 अवक्षय (घिसाई) से आपका क्या अभिप्राय है? इसके किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। **3**

39 1 अप्रैल 2022 को आर इंडस्ट्रीज़ ने ₹ 1,50,000 की एक मशीनरी खरीदी। मशीनरी का एक भाग जिसकी लागत 1 अप्रैल, 2022 को ₹ 50,000 थी, 1 अक्टूबर 2024 को ₹ 20,000 में बेच दिया तथा उसी तिथि को ₹ 30,000 की एक नई मशीन खरीदी। मूल लागत विधि से 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रास लगाया जाना है तथा लेखा तीन वर्षो के लिए मशीनरी खाता तैयार कीजिए। पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द की जाती हैं। **3**

40 (a) व्यापार खाता क्या है? व्यापार खाते के नाम पक्ष तथा जमा पक्ष में दर्शाई जाने वाली मदें कौन–कौन सी हैं? **3**

अथवा

(b) श्री सिंह ब्रदर्स ने 1 अप्रैल 2022 को ₹ 45,000 में एक पुरानी मशीनरी खरीदी। उन्होंने उसकी मरम्मत एवं अनुरक्षण पर उसी दिन ₹ 5,000 व्यय किये। 1 अक्टूबर 2024 को मशीन अप्रचलित हो गई तथा 30% हानि पर बेची गई। घटते शेष विधि से 10% की दर ह्रास लगाया गया तथा लेखा–पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द की जाती हैं। 2024-25 के वित्तीय विवरणों में दर्शाई जाने वाली ह्रास तथा मशीन के विक्रय पर हानि की राशि परिकलित कीजिए।

41 (a) निम्नलिखित हेतु समायोजन प्रविष्टियाँ कीजिएः **3**

1. अदत्त किराया
2. पूर्वदत्त बीमा
3. मशीनरी पर ह्रास

अथवा

(b) समस्त मदों को दर्शाते हुए तरलता क्रम में तुलन पत्र आरेखित कीजिए।

42 (a) निम्न व्यवसाय लेनदेनों से मेसर्स मनोज एंड संस की बहियों में रोजनामचा बनाइएः **5**

जनवरी, 2025

1 व्यवसाय प्रारंभ किया ₹ 1,00,000

2 राम से ₹ 40,000 का माल 10% व्यापार बट्टे पर खरीदा।

5 सोनू को ₹ 50,000 का माल 5% व्यापारी बट्टे तथा 2% रोकड़ बट्टे पर बेचा। सोनू ने विक्रय की आधी राशि का भुगतान नकद किया।

9 बैंक में रोकड़ जमा कराया ₹ 10,000

12 फर्म द्वारा मालिक के आवास के किराये का भुगतान ₹ 5,000 किया।

अथवा

(b) रोकड़ बही क्या है? रोकड़ बही तथा रोकड़ खाते में अंतर्भेद कीजिए।

43 (a) तलपट, लेखा पुस्तकों की शुद्धता का अंतिम प्रमाण क्यों नहीं है? किस प्रकार की अशुद्धियाँ तलपट के मिलान को प्रभावित नहीं करती? व्याख्या कीजिए। **5**

अथवा

(b) खाता बही क्या है? यह रोजनामचे से किस प्रकार भिन्न है?

44 उद्देश्य, पक्ष, खातों की प्रकृति, प्रमाण–स्वरूप एवं अवधि के आधार पर तलपट तथा तुलन पत्र के बीच अंतर्भेद कीजिए। **5**

45 मैसर्स जसवाल एंड ब्रदर्स के 31 मार्च 2025 के निम्नलिखित शेषों से व्यापार एवं लाभ–हानि खाता तथा उसी तिथि का तुलन पत्र बनाइए : **5**

विवरण	**₹**	**विवरण**	**₹**
देय विपत्र	4,800	विक्रय	80,000
क्रय वापसी	1,200	पूँजी	1,20,000
विविध लेनदार	10,800	प्रारंभिक स्कंध	16,000
कमीशन प्राप्त	480	क्रय	48,000
भाड़ा	4,680	मज़दूरी	4,000
विक्रय वापसी	800	आहरण	6,000
कार्यालय व्यय	1,000	वेतन	6,400
बट्टा	1,200	मरम्मत	4,800
विज्ञापन	2,000	संयंत्र व मशीनरी	48,000
भवन	40,000	बैंकमें रोकड़	10,400
		विविध देनदार	24,000

अतिरिक्त सूचना :

31 मार्च, 2025 को अंतिम स्कंध ₹ 24,000 मूल्यांकित किया गया। संयंत्र व मशीनरी पर 10% प्रति वर्ष की तथा भवन पर 5% प्रति वर्ष की दर से ह्रास लगाया जाता है।

BLANK PAGE